# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: **0733-2222206**, ई-मेलआई.डी.: **hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com**

खण्डवा, दिनांक: 18/10/2022

क्र. 2832 /जनभा./2022

प्रति,

प्रभारी,
आई. टी. प्रकोष्ठ,
उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन,
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.) ।

विषय :- विभागीय वेबसाईट पर महाविद्यालय की विज्ञप्ति / आमंत्रण-सूचना अपलोड करने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति द्वारा **माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग हेतु अतिथि विद्वान एवं ब्लॉक छैगाँवमाखन अध्ययन केन्द्र हेतु कम्पयुटर ऑपरेटर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (भृत्य) के पद हेतु** आमंत्रण-सूचना जारी की गई है, जिसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु अनुरोध है ।

संलग्न :- आमंत्रण-सूचना ।

18-10-22

(डॉ. मुकेश जैन)
*Principal*
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: 0733-2222206, ई-मेलआई.डी.: hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com


क्र. 9832 /2022 खण्डवा, दिनांक: 17/10/2022

## // आमंत्रण सूचना //

महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति द्वारा संचालित पाठ्यक्रम माइक्रोबॉयोलॉजी विषय के अध्यापन हेतु उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन पत्र सत्र 2022-23 हेतु आमंत्रित किए जाते है तथा ब्लॉक छैगांव माखन में स्थापित होने वाले अध्ययन केन्द्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवेदन पत्र सत्र 2022-23 हेतु आमंत्रित किए जाते है ।

| क्र. | पद | पाठ्यक्रम का नाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | प्रतिमाह मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अतिथि विद्वान | माइक्रो बॉयोलॉजी | 01 | एम.एस.सी. माइक्रो बॉयोलॉजी, यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित योग्यता | 20,000 प्रति माह |
| 2 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | छैगांव माखन ब्लॉक अध्ययन केन्द्र हेतु | 01 | स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए. तथा अंग्रजी एवं हिन्दी टायपिंग का ज्ञान एवं सी.पी.सी.टी. (कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणिकरण परीक्षा) अनिवार्य | 12000 प्रति माह |
| 3 | भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) | छैगांव माखन ब्लॉक अध्ययन केन्द्र हेतु | 01 | आठंवी कक्षा उत्तीर्ण | 8000 प्रति माह |

1. इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र प्राचार्य/सचिव जनभागीदारी समिति श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा म.प्र. को विज्ञापन प्रकाशित होने के दस (10) दिवस के अंदर प्रेषित करें । अपूर्ण एवं समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । लिफाफे के उपर पद का नाम अवश्य अंकित करें ।
2. उम्मीदवार आवेदन पत्र A4 साइज के पेपर पर समस्त आवश्यक विवरण दर्ज करे । निम्न अभिलेखों की छायाप्रति संलग्न करें । अपना पूर्ण विवरण, डाक का पता एवं मो. नं. सहित लिखें । स्वयं का अद्यतन फोटो, स्कूल, हायर सेकेन्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करें ।
3. सभी पद पूर्णतः अस्थाई है । म. प्र. शासकीय सेवा का भाग नहीं है तथा यें लोक सेवक स्थापना अंतर्गत नहीं है एवं पदों की संख्या परिवर्तनीय है ।
4. चयनित व्यक्ति को प्रतिदिन समस्त निर्धारित कार्य करने की बाध्यता रहेगी । कार्य संतोषजनक ना पाये जाने पर सेवायें समाप्त की जा सकेगी ।
5. अशैक्षणिक कार्य हेतु चयन मेरिट तथा साक्षात्कार के अंको के आधार पर होगा । अनुभवी एवं कम्प्यूटर में प्रविणता के उम्मीदवारों को वरीयता दी जावेगी । उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध ना होने पर चयन समिति की अनुशंसा पर जनभागीदारी अध्यक्ष के अनुमोदन के उपरांत योग्यता में आंशिक संशोधन किया जा सकेगा ।
6. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति को चयन प्रक्रिया निरस्त करने अथवा आंशिक संशोधन के वैधानिक अधिकार रहेगें ।
7. अतिथि विद्वान को अनुभव के आधार पर मानदेय राशि रू. 25000/- अधिकतम देय होगा ।

18/10/22

(डॉ. मुकेश जैन)
प्राचार्य
श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा

Principal
S.N. Govt. P.G. College
Khandwa (M.P.)